## खबर संक्षेप

### एकेएस के 10 स्टूडेंट्स की कर्नाटक में एजुकेशनल ट्रेनिंग

**सतना।** एकेएस के माइनिंग विभाग के 10 स्टूडेंट्स हट्टी गोल्ड माइंस रायचूर,कर्नाटक में एजुकेशनल ट्रेनिंग प्राप्त कर रहे हैं। बी.टेक माइनिंग छठवे सेमेस्टर के स्टूडेंट्स को एजुकेशनल ट्रेनिंग के दौरान अभी तक उनके द्वारा पढ़े गए कोर्स कंटेंट के बारे में यहां प्रैक्टिकल ट्रेनिंग विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में मिलेगी। स्टूडेंट का मार्गदर्शन फैकल्टी शीलेंद्र उपाध्याय कर रहे हैं। इंजी.डीन प्रो.जी.के.प्रधान,डॉ. बी. के. मिश्रा,प्रो.अनिल कुमार मित्तल ने 19 मई से 25 मई तक चलने वाली ट्रेनिंग के दौरान स्टूडेंट्स को अधिकतम सीखने की सलाह दी है।

### मैहर के बाबा तालाब में जल चौपाल आयोजित

**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून तक चलाया जा रहा है। इस दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत सोमवार को मैहर जनपद में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित जल चौपाल में सभी नवांकुर समिति के पदाधिकारी,परामर्श दाता और मुख्यमंत्री नेतृत्व विकास क्षमता के छात्र सम्मिलित हुए। जल चैपाल को संबोधित करते हुए जिला समन्वयक डॉ.राजेश तिवारी में कहा कि यह अभियान हमें अवसर देता है कि जल के संरक्षण में अपनी भूमिका निर्वाह करे। साथ ही हम अपने पाठ्यक्रम से सीखे हुए नेतृत्व का प्रयोग करते हुए अपने प्रायोगिक गांव में जाकर ग्रामीणों के साथ चैपाल के माध्यम से इस विषय का प्रचार-प्रसार करें और छोटी-छोटी गतिविधियों के माध्यम से जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए अपना योगदान करें। जल चौपाल के उपरांत सभी उपस्थित जन ने सामूहिक श्रमदान के माध्यम से बाबा तालाब की खज्जी निकालने हेतु श्रमदान किया। श्रमदान के पश्चात सभी के द्वारा सामूहिक शपथ में जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया गया।

### प्रिज़्म जॉनसन को पर्यावरण उत्कृष्टता के लिए 2024 एपेक्स इंडिया ग्रीन लीफ प्लेटिनम अवार्ड मिला

**सतना।** प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड (सीमेंट डिवीजन) को पर्यावरण प्रबंधन एवं सतत विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए एपेक्स इंडिया ग्रीन लीफ अवार्ड 2024 के अंतर्गत प्लेटिनम अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान 9वें एपेक्स इंडिया ईएसजी एवं सस्टेनेबिलिटी कॉन्फ्रेंस 2024 में प्रदान किया गया,जो फेयरफील्ड बाय मैरियट,देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में दिया गया। प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड की ओर से रीमा तिवारी (पर्यावरण विभाग) एवं शारदा यसरापु (टेक-प्रोसेस) ने प्राप्त किया।कार्यक्रम में कुलदीप सिंह (अध्यक्ष,एपेक्स इंडिया फाउंडेशन),मेजर जरनल (सेवानिवृत्त) पी.के.सैघल तथा उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जरनल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) की गरिमामयी उपस्थिति रही। वक्ताओं ने (ईएसजीद्ध (पर्यावरण,सामाजिक और शासन) की भूमिका और राष्ट्रीय स्तर पर उद्योगों की जिम्मेदारियों को रेखांकित किया। प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम सीएसआर एवं जनसंपर्क अधिकारी देवेन्द्र मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि,प्रिज़्म सीमेंट को यह अवार्ड पर्यावरण के संरक्षण के अंतर्गत किये गये कार्यों जैसे जल संरक्षण एवं संवर्धन वाटर पजिटिव ग्रीन एनर्जी को अपनाने एवं बढ़ावा देने के लिए सघन वृक्षारोपण,कार्बोन फुट प्रिंट रिडक्सन,प्लास्टिक एवं हर्जाडस वेस्ट मैनेजमेंट,सस्टेनेबिलिटी डेवलपमेंट एवं पर्यावरण सामाजिक और शासन (ईएसजी) में किये गए सराहनीय कार्यों एवं सरकार द्वारा निर्धारित पर्यावरण मानकों के अनुपालन के लिए प्रदान किया गया है। प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड (सीमेंट डिवीजन) द्वारा पर्यावरण उत्कृष्टता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिले पुरस्कार पर प्रेसीडेंट एवं प्लांट हेड मनीष कुमार सिंह,सीनियर वाइस प्रेसीडेंट (एचआरएम एवं कार्पोरेट अफेयर्स) मनीष कुमार सिन्हा के अलावा अन्य अधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की साथ ही साथ पर्यावरण विभाग के विभागाध्यक्ष मनोज कुमार कश्यप,सहायक महाप्रबंधक सुमिताभ द्विवेदी,सहायक महाप्रबंधक बिहारी सिंह शेखावत,सहायक प्रबंधक अंकिता सिंह परिहार एवं अन्य विभाग के समस्त अधिकारियों को उपलब्धि की बधाई दी।

# सिंधी कैंप में धूं-धूं कर जला कबाड़ का गोदाम
# 2 किमी से दूर से दिख रहा था धुआं



### फायर ब्रिगेड की 12 गाड़ियों ने पाया आग पर काबू

कोलगवां थाना क्षेत्र के स्थित सिंधी कैंप इलाके में सोमवार की शाम लगभग 5 बजे एक कबाड़ गोदाम में भीषण आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि उसका धुंआ दो किलोमीटर दूर से दिख रहा था। घटना की सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां और पुलिस मौके पर पहुंची।

हरिभूमि न्यूज, सतना।








लगातार आग पर काबू पाने के लिए एक के बाद एक दमकल वाहन मौके पर पहुंचते रहे और आग पर पानी डालने का सिलसिला चलता रहा घंटों की मेहनत के बाद आप पर काबू पाया जा सका।आग बुझाने में 12 दमकल गाड़ी पानी खर्च हुआ है।आग कैसे लगी,इसका पता फिलहाल नहीं चला है। पूरी घटना की जांच की जा रही है।यह कबाड़ गोदाम कमल भैरवानी और हरीश भैरवानी का है। दोनों भाई कबाड़ का कारोबार करते हैं और गोदाम आमने-सामने हैं। कितने का नुकसान हुआ यह भी अज्ञात है।

#### पूरे रिहायशी इलाके में मची अफरातफरी

आग की लपटें इतनी तेज थी कि इसका धुआं 2 किलोमीटर दूर तक देखा गया। यहां चारों तरफ लोगों के मकान बने हुए हैं जिसके कारण लोग दहशत में थे और अपरा तफरी का माहौल भी था। स्थानीय लोग भी आग पर काबू पाने के लिए अपने स्तर से मदद कर रहे थे।

#### सड़क पर निकले लोग

आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास के घरों में रहने वाले लोग सुरक्षा के लिए सड़क पर आ गए। स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। अधिकारियों के अनुसार,आग पर काबू पाने के लिए राहत और बचाव कार्य तेजी से किया गया। दमकल की 12 गाड़ियां बुलाई गईं नगर निगम के फायर अधिकारी आर पी परमार ने बताया कि दमकल की 12 गाड़ियां लग चुकी हैं और भी बुलाई गई हैं। पृथ्वी कबाड़ी की दुकान और पीछे के गोदाम में भी आग लगी लग गई थी। जिसे तत्काल बुझा दिया गया।

#### प्लास्टिक का कबाड़ होने से ज्यादा हो रहा धुआं

टीआई कोलगवां सुदीप सोनी ने बताया कि धुएं के गुबार की वजह से आस पास के घरों और दुकान के लोग बाहर सड़क पर आ गए हैं। गोदाम में प्लास्टिक का कबाड़ होने से धुआं ज्यादा हो रहा है। इस वजह से रेस्क्यू कर आग पर काबू पाने में समय लगा है।

# पैदल चलने का रास्ता भी नहीं बचा, दुबारी गांव के लिए बाहरी दुनिया से संपर्क पूरी तरह कटा

### चंद भूस्वामियों के चलते दुश्वार है ग्रामीणों का जीवन, रास्ते में जेसीबी से खुदवाया गड्ढा

हरिभूमि न्यूज, सतना।




जिले की रामपुर बाघेलान जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले दुबारी गांव में आजादी के 78 वर्ष बाद भी आवागमन की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। उक्त गांव के निवासी एवं युवा समाजसेवी भास्कर देव परिहार ने बताया कि गांव तक पहुंचने वाले दोनों मुख्य मार्ग एक ग्राम पंचायत शिवपुरवा की ओर और दूसरा सोनौरा की ओर अब पूरी तरह से अवरोधित हो चुके हैं। दोनों ही मार्ग सैकड़ो वर्षों से इस गांव के लिए परंपरागत मार्ग के रूप में रहे हैं। जहां एक ओर गांव से करीब 1.5 से 2 किमी दूर स्थित ग्राम पंचायत शिवपुरवा में रामपुर बाघेलान अमरपाटन मुख्य मार्ग की ओर जाने वाला मार्ग वर्षों से विवाद और अधूरी सहमति की वजह से बंद है,वहीं दूसरी ओर हाल ही में गांव से सोनौरा की ओर जाने वाले पगडंडी रास्ते को भी कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा जेसीबी से खुदवाकर पूर्णतः बंद कर दिया गया है। यह मार्ग गांव के लोगों के लिए एकमात्र व्यवहारिक विकल्प था। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि अब उनके पास गांव से बाहर निकलने का कोई सीधा रास्ता शेष नहीं बचा है। किसी भी आपात स्थिति जैसे बीमार व्यक्ति को अस्पताल ले जाना, बच्चों को स्कूल भेजना, सरकारी कामों हेतु पंचायत कार्यालय पहुंचना अब अत्यंत कठिन हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव से पूर्व दिशा में स्थिति ग्राम पंचायत शिवपुरवा की ओर जाने वाले मार्ग को लेकर अधिकांश ज़मीन मालिकों ने रास्ते के लिए भूमि दान कर दी है,लेकिन कुछ भूमि स्वामी अभी तक सहमत नहीं हुए हैं,और बल पूर्वक उस रास्ते में जेसीबी से बड़ी बड़ी मेढ़ व गड्ढे बनवा दिए। जिससे लगातार उपयोग में रहा परंपरागत मार्ग पूर्णतः बंद ही रह गया है। वहीं,सोनौरा की दिशा में अवरोधित किया गया 500 मीटर का कच्चा मार्ग वर्षों से गांव के उपयोग में था। गाँव के लोगों ने जिला प्रशासन से अपील की है कि जनहित को देखते हुए इस स्थिति का स्थाई समाधान तलाशा जाए। ग्रामीणों की मांग है कि सार्वजनिक उपयोग में रहे पुराने रास्तों को फिर से चालू किया जाए और प्रशासनिक स्तर पर भूमि अधिग्रहण/समझौते के माध्यम से स्थाई आवागमन मार्ग का निर्माण सुनिश्चित किया जाए।

# चित्रकूट में बेलगाम ट्रक ने तोड़े बिजली के खंभे

हरिभूमि न्यूज, सतना।

चित्रकूट थाना अंतर्गत रघुवीर मंदिर के पास मैथली गली में तेज रफ्तार से दौड़ रहे ट्रक चालक ने बिजली के 4 खंभे तोड़ डाले। जिसके फलस्वरूप खंभों में खींची गयी हाईटेंशन लाइन टूट कर सड़क पर गिर गयी है। सड़क पर टूटी विद्युत लाइन व झूलते हुये विद्युत तार किसी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। देखने में आ रहा है कि बेलगाम ट्रकों द्वारा आये दिन बाइक,आटो,ट्रैकटर-ट्राली एवं अन्य वाहनों में लापरवाही पूर्वक टक्कर मारे जाने के कारण कई लोगों को चोटें आ चुकी हैं। जिले के चित्रकूट थाना अंतर्गत पुलिस एवं यातायात थाना की पुलिस द्वारा यद्यपि समय-समय पर चेकिंग लगाकर वाहनों के कागजातों की जांच की जाती है। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये जुर्माना भी वसूला जाता है। इसके बावजूद भारी वाहनों के चालकों की लापरवाही में कोई कमी नहीं आ रही है। चालक आंख मूंद कर और नशे की हालत में वाहन चलाते हुए आये दिन जहां दुर्घटनाएं कर रहे हैं,वहीं तेज रफ्तार के चलते शासकीय संपत्ति को भी भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। वाहन चालकों की लापरवाही राहगीरों के लिये जानलेवा भी साबित हो सकती है।









# भू-अर्जन के प्रकरणों में भूमि और परिसम्पत्तियों का अवार्ड एक साथ बनायें

### कलेक्टर ने ली समय-सीमा प्रकरणों की बैठक

हरिभूमि न्यूज, सतना।

सोमवार को संपन्न समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने विभिन्न विभागों के समन्वय के मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा कि भू-अर्जन के प्रकरणों में भूमि और उस पर निर्मित परिसम्पत्तियों का अवार्ड एक साथ पारित किया जाना चाहिए। समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में वृक्षारोपण की तैयारी,जल गंगा संवर्धन अभियान,सीएम डैश बोर्ड के प्रकरण,स्थानांतरण के प्रस्ताव आदि के संबंध में समीक्षा की गई। इस मौके पर अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे,आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना,सीईओ जिला पंचायत संजना जैन,एसडीएम जीतेन्द्र वर्मा,एपी द्विवेदी,एलआर जांगडे, आरएन खरे,सुधीर बेक,अधीक्षण यंत्री विद्युत पीके मिश्रा सहित विभाग प्रमुख अधिकारी,जनपद के सीईओ तथा नगरीय निकायों के सीएमओ उपस्थित रहे। समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में सर्वप्रथम कलेक्टर ने रेल्वे,बरगी नहर बाणसागर एवं अन्य विभागों के भूमि आवंटन,भू-अर्जन के प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि समन्वय से संबंधित सभी विभाग अपने मुद्दे अगली टीएल से पहले पोर्टल में फीड करें। कलेक्टर ने कहा कि एक-दूसरे विभाग से जुडे समन्वय के मुद्दे टीएल बैठक में रखे और उनका समाधान कराये।भू-अर्जन के प्रकरणों में कलेक्टर ने कहा कि अर्जित की जानी वाली भूमि और उस पर निर्मित परि-सम्पत्तियों का मुआवजा अवार्ड अलग-अलग जारी करने की बजाय एक साथ सम्मिलित रूप से बनाये। जिले में भूमि और उस पर निर्मित सम्पत्ति का अलग-अलग अवार्ड पारित करने की परम्परा रही है। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को शासन द्वारा संधारित मंदिरों की निर्धारित प्रारूप में जानकारी शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार सभी महाविद्यालयों द्वारा जनभागीदारी समिति से किये गये और किये जाने वाले कार्यों की जानकारी अभी तक नहीं प्रस्तुत करने पर कलेक्टर ने नोडल प्राचार्य शास.स्वशासी महाविद्यालय सतना को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा में कलेक्टर ने अगले गुरूवार की प्रातः नगर निगम क्षेत्र में दो स्थानों पर कॉलेज के एनएसएस,एनसीसी,जन अभियान परिषद के सहयोग से नदी सफाई का अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी नगरीय निकायों को इस सप्ताह कम से कम श्रमदान और सफाई का एक बडा कार्यक्रम करने के निर्देश भी दिये। ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वयंसेवी संस्थाओं, जन अभियान परिषद एवं कॉलेज के स्वयं सेवी युवाओं के सहयोग से श्रमदान के कार्यक्रम सतत रूप से चलाने के निर्देश दिये गये। वृक्षारोपण की तैयारी की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि बरसात के समय पौधरोपण के लिए गड्ढों की तैयारी,फेनसिंग और पौधों की उपलब्धता के कार्य शुरू करें। सभी विभाग अपनी-अपनी कार्य योजना के अनुसार पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। सतना जिले में 14.50 लाख पौधे वन विभाग और 5-5 लाख पौधे वृहद सीमेंट प्लांट द्वारा लगाये जाने का लक्ष्य निर्धारित है। इसके अलावा सीएसआर मद से प्राप्त पौधों में 50-50 हजार कृषि विभाग और उद्यानिकी किसानों को दिये जायेंगे। कलेक्टर ने सीएम डैश बोर्ड के आधार पर विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने सीएम डैश बोर्ड में कार्य ठीक नहीं होने पर महाप्रबंधक प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

# महिला का मंगलसूत्र लूटने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज, सतना।



नागौद कोतवाली पुलिस ने महिला का मंगलसूत्र लूटने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लूट गया सोने का मंगलसूत्र बरामद कर लिया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक फरियादिया बेबी रजक पति महेश रजक उम्र 38 वर्ष निवासी रहिकवारा थाना नागौद ने बताया कि अपने गांव रहिकवारा से ग्राम अमदरी अपने फूफा रामनिवास रजक के यहां उनके लड़के के शादी कार्यक्रम में अपने पुत्र कान्हा रजक के साथ स्कूटी से जा रही थी। इसी दौरान करीबन शाम को 04.38 बजे कुलगढी से अमदरी रोड में कहुआ के पास पहुंची। तभी पीछे कुलगढी की ओर से एक काले रंग की टी.व्ही.एस.राइडर मोटर सायकल में दो अज्ञात व्यक्ति आये और स्कूटी के बगल से मोटर सायकल लगाकर स्कूटी का कुछ टूटकर झूल रहा है कि बात बताये जिससे फरियादिया अपनी स्कूटी को खड़ी करके देखने लगी। इसी समय मोटर सायकल में पीछे बैठा व्यक्ति उतरकर आया और फरियादिया को मारपीट कर गले में पहने सोने का मंगलसूत्र छीनकर लूटकर मोटर सायकल में बैठकर वहां से भाग गये। फरियादिया की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 316/25 धारा 309(4) भारतीय न्याय संहिता का अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया जाकर हुलिया अनुसार अज्ञात आरोपी एवं मोटर सायकल की पता तलास करते हुये कई जगह सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गये। सीसीटीव्ही फुटेज में मोटर सायकल क्रमांक एमपी 35जेडी6824 मिली जिसके आधार पर वाहन स्वामी वीरेन्द्र उर्फ वीरु उर्फ मयंक चौबे निवासी फुलदरी थाना देवेन्द्रनगर जिला पन्ना का होना पाया गया। जिसकी पता तलास में जानकारी प्राप्त हुई कि उक्त व्यक्ति अपनी मोटर सायकल लेकर अपने साथी अजय सोनी के साथ नागौद तरफ गया है जिसकी पता तलास किया गया जो दस्तयाब हुआ जिससे नाम पता पूछा गया जो अपना नाम वीरेन्द्र उर्फ वीरु उर्फ मयंक पिता रामचरण उम्र 25 वर्ष निवासी फुलदरी थाना देवेन्द्रनगर जिला पन्ना का होना बताया एवं दूसरे से नाम पता पूछने पर अजय सोनी पिता जयकरण सोनी उम्र 21 वर्ष निवासी भरहुत थाना उचेहरा जिला सतना का होना बताये जिनसे घटना के संबंध में पूछताँछ करने पर उक्त घटना को कबूल करना स्वीकार करने से आरोपीगण को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जिसे माननीय न्यायालय द्वारा जेल भेज दिया गया। आरोपियों के कब्जे से मंगलसूत्र कीमत 100000 और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक रंगदेव सिंह, सहायक उपनिरीक्षक अजीत वर्मा, संदीप पाण्डेय,निरंजन मेहरा, मिथिलेश मिश्रा, आर सतेन्द्र सिंह, वीर बहादुर सिंह,अनिल वर्मा, शैलेन्द्र गूर्जर की भूमिका रही।

# बस स्टैंड में ऑपरेटरों की मनमानी से आम लोगों को हो रही परेशानी

**सतना।** बस स्टैण्ड में वाहन चालकों द्वारा मनमाने ढंग से बसें खड़ी किये जाने के कारण जहां यात्रियों को आवागमन में भारी असुविधा हो रही है। वहीं नंबर आने पर बसों के बस स्टैण्ड से गंतव्य की ओर रवानगी में भी काफी दिक्कत महसूस की जा रही है। हालात इतने अधिक बद्तर हैं कि बस स्टैण्ड क्षेत्र में राहगीरों का पैदल चलना सुरक्षित नहीं रह गया है। कभी भी कोई राहगीर किसी दुर्घटना का शिकार हो सकता है। बस स्टैण्ड की इस अव्यवस्था को सुधारने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से नागरिकों द्वारा अपेक्षा की गयी है।

**घंटों स्टैण्ड में खड़ी रहती हैं बसें-** ज्ञातव्य है कि जिला प्रशासन,पुलिस एवं नगर निगम के प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा बस स्टैण्ड में आम नागरिकों को होने वाली तकलीफों को ध्यान में रखते हुये कई बार बसों को व्यवस्थित ढंग से खड़ा करवाया है। इसके साथ ही बस कंपनियों के आपरेटरों को समय पर ही स्टैण्ड में बसें खड़ी करने के निर्देश दिये गये थे। जिसके तहत रवाना होने से 5-10 मिनट पहले ही बसों को बस स्टैण्ड में लाने और प्लेटफार्म पर लगाने के लिये निर्देशित किया गया था। किन्तु प्रशासन के निर्देशों की अवहेलना करते हुये अधिकांश बस आपरेटर एवं ड्राईवर बस स्टैण्ड में विभिन्न रूटों पर चलने वाली बसों को घंटों खड़ा रखते हैं। जिसके कारण बस स्टैण्ड परिसर में जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है।

**आदेश का नहीं कर रहे पालन-** यहां उल्लेखनीय है कि प्रशासन द्वारा अलग-अलग रूटों पर चलने वाली बसों के लिये निर्धारित समय के अनुसार बसों को स्टैण्ड में खड़ा करने और बसों की रवानगी की रूट चार्ट निर्धारित किया गया था। इसी तरह से सवारियों को स्टैण्ड परिसर में बसों को रोककर बार-बार चढ़ाने उतारने पर भी पाबंदी लगायी गयी थी। किन्तु आपरेटर्स किसी भी आदेश का पालन नहीं कर रहे हैं।


**खबर संक्षेप**

### फांसी के फंदे पर झूली 3 बच्चों की मां



**पन्ना।** धरमपुर थाना अंतर्गत ग्राम रामपुर में एक 35 वर्षीय विवाहिता ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी के फंदे में झूल कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार कमला साहू पति होते साहू उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी ग्राम रामपुर ग्राम पंचायत कल्याणपुर ने 18 मई 2025 को अपरांह लगभग 3 बजे घर के अंदर फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई, बताया गया है कि कमला और होते के तीन बच्चे थे एक 16 साल का लड़का, 12 साल की लड़की और 8 साल की लड़की है। इस घटना से सभी का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस के द्वारा पंचनामा उपरांत मृतिका का शव पोस्टमार्टम के लिए अजयगढ़ पीएम हाउस लाया गया है जहां आज 19 मई 2025 को पोस्टमार्टम होगा।

### शाउमावि हरदी में बोर्ड परीक्षा का परिणाम रहा अव्वल

**अजयगढ़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदी में संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रम की ओजीटी कराई गई जिसमें छात्र-छात्राओं को बैंकिंग के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही विद्यालय के बोर्ड परीक्षा प्रभारी सुरेंद्र लोध ने बताया कि इस वर्ष 12वीं का परीक्षा परिणाम 92: रहा जिसमें राम देवी लोध ने500 में473 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान एवं जिले की मेरिट सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 87: प्रतिशत रहा जिसमें कुमकुम लोधी ने 93:अंक लाकर विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही विद्यालय में समर कैंप का आयोजन सफलतापूर्वक किया जा रहा है।

# पटवारी की मनमानी से किसान परेशान, कलेक्टर से कार्यवाही करने की लगाई गुहार, दलालों से मिलकर किसानों की जमीन के रिकॉर्ड में कर रहे हेरा फेरी

हरिभूमि न्यूज, पन्ना।

जिले के विभिन्न हलकों में पदस्थ पटवारीयों की मनपमानी तथा करगुजारियों से किसान भारी परेशान है इसी प्रकार का मामला गुनौर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत तिघरा बुजुर्ग हल्का पटवारी संजय शुक्ला का प्रकाश में आया है जो कई वर्षों से उक्त हल्का में जमे हुए हैं उनकी भ्रष्टाचारी तथा मनमानी से किसान परेशान हैं उक्त संबंध में आवेदक सुरेश प्रसाद पांडे पिता स्वर्गीय ददन राम पांडे निवासी करतारिया पटवारी हल्का तिघरा बुजुर्ग तहसील गुनौरद्वारा कलेक्टर के नाम दिए गए आवेदन में उल्लेख किया गया । कि उक्त हल्का पटवारी संजय शुक्ला द्वारा करतारिया ग्राम के ही नीरज त्रिपाठी राम अवतार एवं रमाकांत के रिश्तेदार हैं एवं स्वामी प्रसाद पांडे के नजदीकी हैं जिनके घर में रहकर पटवारी शुक्ल द्वारा मनमाने ढंग से कार्य किया जा रहा है तथा उन्ही के इशारे पर पर लोगों के काम पटवारी करते हैं जिससे अन्य लोग भारी परेशान है आवेदन में उल्लेख किया गया कि पटवारी द्वारा हाल ही में आराजी नंबर 518 का सीमांकन सरहद्दी कृषक राजेश मिश्रा लक्ष्मी प्रसाद सेन एवंआवेदक की गैर मौजूदगी में उक्त खसरा नंबर का नाप किया गया जबकि आराजी नंबर 518 के रकवा 0. 05



हैकटेयर में नीरज रामावतार त्रिपाठी एवं रमाकांत त्रिपाठी के रकवा मैं मकान बने हुए हैं इसके अलावा कोई शेष भूमि नहीं है फिर भी स्वामी प्रसाद पांडे एवं नीरज त्रिपाठी वगैरा के कहने पर उक्त पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक द्वारा मनमाने तरीके से भूमि की नाप की गई जिसे पट वारी द्वारा लगानी भूमि बताकर रामावतार बगैर के पक्ष में भूमि बताई जा रही है पटवारी द्वारा मन माने ढंग से निस्तार की भूमि पर फर्जी व अवैध रूप से रामावतार के पक्ष में अलग से रकवा निकालकर शासकीय राजस्व रिकॉर्ड में फेर बदलकर संबंधित लोगों को लाभ पहुंचाया जा रहा है इस प्रकार पटवारी द्वारा भेदभावपूर्ण तरीका से कार्य किया जा रहा है जिससे पटवारी हल्का में विवाद की स्थिति भी उत्पन्न हो रही है आवेदक ने यह भी बताया कि पटवारी का सारा रिकॉर्ड स्वामी प्रसाद पांडे के घर में रहता है और उन्हीं के इशारे पर वह कार्य करते हैं आवेदक ने बताया कि पटवारी से जानकारी मांगने पर भी कोई जानकारी नहीं दी जाती है आवेदक ने संबंधित भ्रष्ट एवं मनमाने ढंग से कार्य करने वाले पटवारी संजय शुक्ला को तत्काल हटाने की मांग की है एवं उनके कार्यकाल की जांच कर कार्रवाई करने की भी मांग की है उन्होंने आगे बताया कि पटवारी द्वारा किसी भी किसान का काम बिना पैसा लिए नहीं किया जाता है पटवारी के कारनामों से किसान भारी परेशान है।

# प्रयागराज में सुशील वैभव को मिला गुफ्तगू अवार्ड



**पन्ना।** 18 मई को प्रयागराज के आर्य कन्या डिग्री कॉलेज के सभागार में संस्था द्वारा साहित्य महोत्सव कवि सम्मेलन में पूरे देश से एकत्रित हुए कभी साहित्यकारों के मध्य पन्ना के सुप्रसिद्ध कवि साहित्यकार व्यंगकार सुशील खरे वैभव को गुफ्तगू अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुंबई के सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता राजेंद्र गोपाल गुप्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश क्षितिज शैलेंद्र एवं विशेष अतिथि न्यायाधीश अशोक कुमार गुप्ता रहे। जिन्होंने पन्ना के कवि व्यंग्यकार सुशील खरे वैभव की काव्यधर्मिता की सराहना करते हुए शाल श्रीफल सम्मान पत्र स्मृति चिन्ह के साथ गुफ्तगू अवार्ड से सम्मानित करते हुए श्री वैभव को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। संस्था अध्यक्ष इम्तियाज अहमद गाजी, उपाध्यक्ष सरदार मनमोहन सिंह तन्हा, श्रीमती मीना मोहन श्रीवास्तव ने भी श्री वैभव को बधाई दी सम्मानित होकर पन्ना आने पर सुशील वैभव को पंडित उमादेव उपाध्याय, डॉ प्रमोद श्रीवास्तव, श्रीमती शारदा पाठक, एस कुमार चनपुरिया, श्रीमती मंजू लता खरे, कृष्ण नारायण खरे, मनीष मिश्रा, संजय बड़ेरिया, राकेश शर्मा ने वैभव को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# निजी भूमि एवं भवन को शासकीय बता कर जेसीबी से ध्वस्त करने एवं हाईकोर्ट के आदेशों की अवहेलना करने के आरोप

**शासकीय रिकॉर्ड अपडेट नहीं होने से अधिकांश निजी भूमि शासकीय दर्ज, पूर्व सीएमओ ने प्रेस वार्ता में प्रशासन पर लगाए मनमानी के आरोप**

हरिभूमि न्यूज, पन्ना।



पूर्व सीएमओ एवं सपाक्स जिला अध्यक्ष प्रमोद पाठक ने 19 मई 2025 को शाम लगभग 4 बजे इंडियन फूड रेस्टोरेंट में प्रेस वार्ता आयोजित कर पत्रकारों के समक्ष बताया है कि 8 मई 2008 से डायमंड चौक स्थित आरजी क्र. 1779 भवन क्र. 454 / 1 वार्ड क्र. 12 डायमंड चौक के पास स्थित है। जो रशीदा बेगम पति स्वर्गीय रशीद मोहम्मद हाजी बिल्डिंग से पंजीकृत विक्रय पत्र द्वारा खरीदा गया, जिस पर उनके पूर्वजों का पेट्रोल पंप था लेकिन वर्तमान में बंद हो चुका था, तहसीलदार पन्ना द्वारा 11 जुलाई 2024 को नोटिस जारी कर अतिक्रमण बताते हुए कारण बताओ नोटिस भेजा गया जिसके संबंध में मेरे द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र, नगर पालिका का भवन प्रमाण पत्र, नजूल एनओसी, भवन निर्माण स्वीकृति, नगर पालिका द्वारा नामांतरण पत्र, संपति कर की रसीदें उपलब्ध कराई। उक्त भूमि पर 1945 से 2008 तक हाजी अली एवं उनके परिवार की होने के पश्चात 2008 से वर्तमान तक हम लोगों का 80 वर्ष से अधिपत्य रहा है। इतने वर्षों में शासन द्वारा किसी प्रकार की कोई चर्चा नहीं की गई लेकिन अचानक इस प्रकार अचानक नोटिस जारी कर भवन को ध्वस्त कर दिया गया और डायमंड चौक सौंदरीकरण के लिए जमीन को अपने अंडर में ले लिया गया मामले के संबंध में हाईकोर्ट में रिट पिटीशन लगाए जाने के बाद प्राप्त न्यायालय के आदेश का भी प्रशासन के द्वारा पालन नहीं किया जा रहा है, श्री पाठक ने बताया कि पन्ना नगर में बंदोबस्त नहीं होने एवं रिकॉर्ड अपडेट नहीं होने से अधिकांश भवन एवं भूमि शासकीय रिकॉर्ड में मध्य प्रदेश शासन के नाम पर दर्ज हैं जिससे इस प्रकार की विसंगतियां निर्मित हो रही है और प्रशासन के द्वारा बिना सही तरीके से सुनवाई के मनमानी पूर्वक बेदखली कार्रवाई की जा रही है जो न्याय संगत नहीं है। इस प्रकार प्रमोद पाठक के द्वारा प्रशासन पर मनमानी पूर्वक हाईकोर्ट के आदेशों की अवहेदना करते हुए एवं शासकीय दस्तावेजों को अनदेखा करते हुए कार्रवाई करने की आरोप लगाए हैं।

# सड़क है या धूल का दलदल... सलेहा-पवई रोड पर प्रस्तावित टोल प्लाज़ा बना उपेक्षा का प्रतीक

### चार साल से अटका निर्माण, गड्ढों से घायल होते लोग, उड़ती धूल बनी ग्रामीणों की सांसों का संकट सड़क नहीं, संकट बन गई है सलेहा-पवई मार्ग की हालत

**सलेहा।** पन्ना जिले के सलेहा-पवई मुख्य मार्ग पर चार से पाँच वर्ष पूर्व टोल प्लाज़ा निर्माण का प्रस्ताव आया था। जगह चिन्हित की गई, बोर्ड लगाए गए, अधिकारियों के दौरे हुए कृ लेकिन उसके बाद आई एक लंबी चुप्पी, जो आज तक टूटी नहीं। इस प्रस्तावित टोल प्लाज़ा पर न तो निर्माण शुरू हुआ और न ही क्षेत्र की सड़क की मरम्मत हुई। आज यह स्थान गड्ढों, धूल और दुर्घटनाओं का त्रिकोण बन चुका है, जहाँ से रोज़ाना सैकड़ों लोग जान हथेली पर रखकर गुजरने को मजबूर हैं।

### मुख्य समस्याएं - जनता की जुबानी-

गड्ढों से पटी सड़क, जानलेवा सफर

टोल प्लाज़ा स्थल के आसपास सड़क पर चार से पाँच फीट गहरे गड्ढे हो चुके हैं। दुपहिया वाहन चालकों के लिए ये गड्ढे मौत के कुएँ बन चुके हैं। आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, घायल हो रहे लोग और प्रशासन देख रहा है तमाशा।

### धूल का आतंक - सांस लेना दूभर

चारों ओर उड़ती मोटे कणों वाली धूल ने वहाँ रहने वालों का जीवन नरक बना दिया है। अस्थमा, खाँसी, फेफड़ों में संक्रमण जैसी बीमारियाँ आम होती जा रही हैं। न कोई पानी छिड़काव, न डामरीकरण कृ स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की चुप्पी भयावह है।

### निर्माण नहीं, लेकिन वसूली की तैयारी पूरी

जिन स्थानों पर वर्षों से टोल प्लाज़ा अधूरा पड़ा है, वहाँ की सड़कें और सुगमता पहले बेहतर की जानी चाहिए, तब जाकर टोल का औचित्य बनता है। लेकिन यहाँ तो बिना कोई सुविधा दिए आम जनता से सिर्फ झेलने की उम्मीद की जा रही है।

### स्थानीय नागरिकों की व्यथा - बच्चे, बुज़ुर्ग, महिलाएं त्रस्त

निकटवर्ती घरों में रहने वाले नागरिकों की हालत सबसे खराब है। दिन-रात उड़ती धूल ने उन्हें घर के भीतर भी कैद कर दिया है। बच्चों की पढ़ाई, बुजुर्गों की सेहत, महिलाओं का घरेलू कार्य कृ सब प्रभावित हो रहे हैं।

### यह सड़क सुरक्षा और नागरिक स्वास्थ्य का राष्ट्रीय प्रश्न है

भारत में हर साल सड़क दुर्घटनाओं में लाखों लोग मारे जाते हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, प्रदूषण और धूल के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में श्वसन रोग तेजी से बढ़े हैं। ऐसे में जब कोई प्रशासन स्वयं तय किए गए टोल प्लाज़ा स्थल की सड़क और धूल जैसी बुनियादी समस्याओं को नजरअंदाज करता है, तो वह सिर्फ सुविधा नहीं बल्कि संविधान के अनुच्छेद 21 जीवन के अधिकार का उल्लंघन करता है।

### प्रशासन की चुप्पी - उपेक्षा की पराकाष्ठा

जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और संबंधित विभागों को कई बार सूचना दी गई। लेकिन हर बार "फाइल प्रक्रिया में है" जैसा जवाब मिलता है। यह 'प्रक्रिया' अब जनता की पीड़ा बन चुकी है।

### अंतिम बात अब नहीं जागे, तो हर सांस भारी होगी-

सलेहा-पवई टोल प्लाज़ा का यह उदाहरण एक अधूरे विकास, प्रशासनिक असंवेदनशीलता और जनजीवन के उत्पीड़न की जीवंत कहानी है। यदि आज नहीं सुधारा गया, तो यह केवल सड़कों की नहीं, बल्कि सरकार की साख, जनता की आस्था और भविष्य की पीढ़ियों के स्वास्थ्य का नुकसान बनकर उभरेगा।

# गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने गुनौर मझ्क्रो उद्वहन सिंचाई योजना को स्वीकृत कराने मुख्यमंत्री से मुलाकात

गुनौर।



बरगी डेम जबलपुर से सतना जिले की नागौद तहसील जिसकी सीमा पन्ना जिले की तहसील देवेन्द्रनगर/गुनौर से लगती है, में आने वाली नहर से गुनौर विधानसभा क्षेत्र की तहसील देवेन्द्रनगर एवं गुनौर के ग्रामों में सिंचाई की सुविधा बढाने के उद्देष्य से कार्यपालन यंत्री नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-1 नागौद जिला सतना द्वारा गुनौर मझ्क्रो उद्वहन सिंचाई योजना का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन अपने पत्र क्रमांक 775 दिनांक 13.06.2024 को मुख्य अभियंता, अपर नर्मदा जोन बरगी हिल्स जबलपुर को भेजा गया। उक्त योजना के विस्तार से देवेन्द्रनगर तहसील के 22 ग्रामों की 6145.59 हेक्टेयर एवं गुनौर तहसील के 52 ग्रामों की 16535.15 हेक्टेयर निजी कृषि भूमि सिंचित होगी साथ ही सतना जिले की नागौद तहसील के 40 ग्रामों की 8958.819 हेक्टेयर निजी भूमि सिंचित होगी। गुनौर मझ्क्रो उद्वहन सिंचाई योजना को स्वीकृत कराने हेतु माननीय मुख्यमंत्री महोदय से भेट की गई।

# जनपद पवई के ग्राम टिकरिया वाशी 25 वर्षो से देख रहे बिजली एवं सड़क कि राह

## विधायक एवं पन्ना कलेक्टर ने शिविर लगाकर दिया था आश्वासन परन्तु स्तिथी जस कि तस

**तीन सौ से अधिक आबादी वाले आदिवासी टिकरिया में आदिवासियों का जीवन कितना मुश्किल**

हरिभूमि न्यूज, पवई।

रैपुरा और मोहन्द्रा मुख्य सड़क मार्ग से 6.5 किलोमीटर बीच जंगल में बसे पूर्णतः आदिवासी आबादी वाले गांव टिकरिया में पिछले बीस से पच्चीस वर्षो से बिजली नहीं है। न तो आज तक इस गांव में पक्की सड़क बन सकी है। हम रविवार को रैपुरा से मोहन्द्रा के बीच आदिवासी अंचल होते हुए इस क्षेत्र के सबसे पिछड़े गावो में से एक टिकरिया पहुंचे थे। मुख्य सड़क मार्ग से उतरते ही बीच जंगल में मुरूम से बनी कच्ची सड़क पर आ गए। जहां सड़क में दो दो फीट के भयानक बड़े बड़े गड्ढे थे। इस सड़क पर बाइक चलाना भी मुश्किल था। 6.5 किलोमीटर चलने के बाद हमे आदिवासी गांव टिकरिया मिलता है। गांव के बाहर बैठे कुछ युवा एवं महिलाओं को देखकर हम सीधे उनके पास पहुंच गए। अपना परिचय देने पर घर के बाहर बैठी बुजुर्ग महिला ने बताया कि गांव में लगभग बीस से पच्चीस वर्षो से बिजली नहीं है। न ही मुख्य सड़क मार्ग से कस्बे तक आने के लिए पक्की सड़क। कहती है कि कोई बीमार हो जाए तो एम्बुलेंस भी बमुश्किल ही पहुंची है। बारिश में तो पैदल भी नहीं जा सकते। इसलिए मोहन्द्रा के लिए शॉर्टकट रास्ता अपनाते है और पूरा पहाड़ पैदल ही उतर जाते हैं।

### लोकसभा चुनाव में गांव के किया था चुनाव का बहिष्कार-

पिछले चुनाव में गांव के लोगों ने चुनाव का बहिष्कार किया तो गांव में कलेक्टर सहित पवई विधानसभा के विधायक भी आए और कहा कि वोट डालिए हम यहां बिजली पानी एवं रोड की व्यवस्था करेंगे। रोजगार के लिए मुर्गी पालन एवं बकरी पालन के अवसर उपलब्ध कराने के वादे किए तब जाकर गांव के लोगों ने वोट डाले। एक साल हो गए लेकिन कोई दोबारा सुध लेने नहीं आया। न प्रशासन से कोई अधिकारी आए न तो कोई राजनेता।

### बीस वर्षो से बिजली नहीं! सिर्फ खंभे खड़े-

गांव के लोग बताते हैं कि पिछले तीस वर्षो से गांव में बिजली नहीं हैं। गांव के लोग आग जलाकर उजाला करते हैं तब भोजन कर पाते हैं। कहते हैं 1990 के आसपास बिजली गांव आई तब चार से पांच वर्ष बिजली रही उसके बाद कुछ खंभे गिर गए तबसे किसी ने ठीक ही नहीं किए। तबसे आज पूरा गांव अंधेरे में ही है। अगर घरों में गेहूं पिसाने की जरूरत है तो उसे 18 किलोमीटर दूर मोहन्द्रा ही जाना पड़ता है। कहते हैं वन विभाग ने छह सोलर लाइट लगवाई है जिससे थोड़ी देर उजाला हो जाता है। वह भी अगर धूप अच्छी है तो। नहीं तो फिर वहीं अंधेरे के सहारे।

### पक्की सड़क की आस में गांव-

गांव वाले बताते हैं आज तक हमारे गांव में पक्की सड़क नहीं बनी। गांव वाले रोजमर्रा की चीजों के लिए वह 18 किलोमीटर दूर मोहन्द्रा या 35 किलोमीटर दूर रैपुरा पर निर्भर हैं। परंतु दोनों का पहुंच मार्ग अर्थात मुख्य मार्ग गांव से 6.5 किलोमीटर दूर है। जिसमें दो दो फीट के गड्ढे हैं। कच्ची सड़क है जो बारिश में बंद हो जाती है। फिर पहाड़ी पैदल उतरकर 14 किलोमीटर मोहन्द्रा जाना होता है। महिलाएं अगर गर्भवती है बारिश का मौसम है तो पालकी बनाकर पहाड़ी उतर कर मोहन्द्रा पहुंचते हैं। एक व्यक्ति ने बताया कि वहां अपनी बेटी को सर्प दंश का इलाज कराने बारिश में 15



किलोमीटर पैदल चलकर पहुंचा था तब इलाज मुहैया हो पाया। अगर गांव में कोई टैक्सी वाला आता है तो 18 किलोमीटर के 50 रुपए आना और 50 रुपए जाना कुल 100 रुपए एक व्यक्ति के लगाए हैं वजह है सड़क का न होना।

### एक हैंडपंप के भरोसे पूरा गांव-

पूरा गांव सिर्फ एक हैंडपंप पर निर्भर है। उसी से गांव के लोगों का जीवन चलता है। परंतु अगर उसमें पानी कम हो जाता है घंटों पानी रिसने का इंतजार करना पड़ता है। रात में महिलाएं हैंडपंप में बैठ कर पानी भरती है। गांव वालों ने कहा कि पानी की अन्य व्यवस्था हो जाए तो लोगो का जीवन आसान हो जाए।

### गांव शिक्षा से दूर-

गांव में एक दो कमरे के जर्जर भवन में पांचवीं तक स्कूल है। जिसमें गांव के बच्चे पढ़ते हैं। आदिवासी लोगों ने बताया कि पांचवीं के बाद बच्चों को पढ़ने के लिए कोई साधन नहीं है। रोज मोहन्द्रा या रैपुरा जाकर स्कूल में नहीं पढ़ सकते क्योंकि सड़क ठीक न होने से वाहन गांव में नहीं आते और इसलिए बच्चे बाहर पढ़ने नहीं जा पाते। कहते हैं हमारे पास इतनी आमदानी ही नहीं की बच्चों को बड़े कस्बों में रह कर पढ़ा सके। सबसे अधिक समस्या बेटियों की है जो पांचवीं के बाद पढ़ ही नहीं पाती और कम उम्र में शादी कर दी जाती है।

### गांव में संचालित दो पत्थर की खदाने लेकिन गांव के विकास में योगदान शून्य-

टिकरिया गांव में जाते हुए हमे ट्रक मिला। उत्सुकता होने पर हमने गांव वालों से पूछा तो बताया कि गांव के आगे दो पत्थर की बड़ी बड़ी खदाने हैं वहीं से पत्थर लोड होकर ट्रक बाहर ले जाते है। कहते है मुरूम की सड़क आने जाने लायक हुआ करती थी परंतु खदानों में चलने वाले ट्रकों के अत्यधिक लोड से वह छोटे वाहनों के लायक ही नहीं बची।

### राशन लेने आठ किलोमीटर पहाड़ उतारकर जाते है पड़वार-

ग्रामीणों ने बताया कि गरीबों को मिलने वाले राशन को लेने हमे पहाड़ी के नीचे बसे गांव पड़वार जाना होता है। वह गांव की ग्राम पंचायत भी है। आदिवासी बताते हैं कई बार जब हम लोग अनाज लेने जाते हैं तो पता चला दुकान बंद है तो वापस आठ दस किलोमीटर पहाड़ चढ़कर गांव वापस आते है फिर अगले दिन फिर जाते हैं।

### इनका कहना है

पच्चीस वर्ष से अधिक हो गए लेकिन हमारे गांव में बिजली नहीं है। आग जलाकर उजाला करते हैं फिर रात का खाना होता है।

**जल्लू आदिवासी, निवासी टिकरिया।**

-सिर्फ खंभे और एक जंग खाया हुआ ट्रांसफार्मर गांव में रखा है। गांव वालों को उम्मीद थी कि शायद बिजली दोबारा आएगी।

**भल्लु आदिवासी, निवासी टिकरिया**

**खबर संक्षेप**



## नौगांव अपहरण मामले के दो आरोपी गिरफ्तार

**नौगांव।** थाना पुलिस ने गत 13 मई को हुए युवती के अपहरण मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी सतीश सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने घटना की गंभीरता को देखते हुए 10 पुलिस टीमें गठित कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 10 हजार का इनाम घोषित किया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विदिता डागर के नेतृत्व में नाकाबंदी और सीमावर्ती थानों के समन्वय से सर्चिंग के बाद युवती को घटना के अगले दिन बरामद कर लिया गया था।

रविवार को घटना में लिप्त दो आरोपी संजू उर्फ संजीव पुत्र प्रतिपाल यादव निवासी मोतीखेड़ा ललितपुर और संदीप पुत्र हरदयाल विश्वकर्मा निवासी ग्राम लुगासी को गिरफ्तार कर लिया गया हैं। थाना प्रभारी के मुताबिक पूछताछ में खुलासा हुआ है कि अपहरण की योजना बनाकर अंजाम दिया गया था, जिसमें संदीप ने सूचनाओं का आदान-प्रदान किया। आरोपी संजू पूर्व में ललितपुर में मारपीट के मामले में लिप्त रहा है। मामले के मुख्य आरोपी पंकज यादव की तलाश अभी जारी है। कार्रवाई में एसडीओपी नौगांव अमित मेश्राम, थाना प्रभारी सतीश सिंह के अलावा साइबर सेल के पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## अज्ञात कारणों के चलते महिला ने उठाया आत्मघाती कदम

**छतरपुर।** ईशानगर थाना क्षेत्र के ग्राम बंधी सलैया में रविवार दोपहर एक महिला ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया है कि मृतिका फूलवती पत्नी स्वामी साहू उम्र 55 वर्ष बीते रोज दोपहर 12 बजे खेत पर गई थीं, जहां उसने फांसी लगा ली। शाम 4:30 बजे परिजनों को घटना की सूचना मिली, जिसके बाद ईशानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल भेजा गया। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है, परिजनों के बयान और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## आर्य समाज का युवा चरित्र निर्माण शिविर सम्पन्न

### अब 8 जून से बालिकाओं के लिए लगेगा उन्नयन शिविर

**महाराजपुर।** आर्य समाज महाराजपुर द्वारा आयोजित सात दिवसीय आर्य वीर दल युवा चरित्र निर्माण शिविर (8-14 मई) का समारोहपूर्वक समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि नौगांव एसडीएम जी.एस. पटेल और विशिष्ट अतिथि तहसीलदार अनिल तलैया ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की। एसडीएम ने कहा कि ऐसे शिविर युवाओं के शारीरिक और चारित्रिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रांजल चौरसिया, भगीरथ चौरसिया, राहुल चौरसिया, लखनलाल चौरसिया और 10वीं बोर्ड में जिला टॉपर मंजरी चौरसिया को सम्मानित किया गया। शिक्षक दिनेश आर्य और बलराम आर्य को भी पुरस्कृत किया गया। आर्य समाज प्रधान उमेश आर्य ने बताया कि अब 8 से 14 जून तक 12 वर्ष से अधिक उम्र की बालिकाओं के लिए चारित्रिक व व्यक्तित्व विकास शिविर आयोजित होगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर की महिला प्रशिक्षक बालिकाओं को प्रशिक्षित करेंगी। रजिस्ट्रेशन 30 मई तक सीमित स्थानों के साथ शुरू हैं। समापन समारोह में नागरिकों के लिए विशिष्ट भोज का आयोजन किया गया।

# शिक्षक की निर्मम हत्या व लूट के खिलाफ बागेश्वर धाम शिष्य मंडल में बढ़ रहा आक्रोश

### हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



**छतरपुर।** बिगत दिनों दमोह जिला अंतर्गत हटा क्षेत्र में बागेश्वर धाम शिष्य मंडल मगरोन के अध्यक्ष व शिक्षक राजेश त्रिपाठी को लूटकर उनकी निर्मम हत्या करने वाले हत्यारों को अब तक पकड़े न जाने से देश भर के बागेश्वर धाम शिष्य मंडलों में गहरा आक्रोश है। देश भर में शिष्य मंडल इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए हत्यारों को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं। घटना के चार दिन बाद भी हत्यारे पुलिस गिरफ्त से दूर है। जिला मुख्यालय में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज कर हत्यारों को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की गई है।

बागेश्वर धाम शिष्य मंडल छतरपुर के अध्यक्ष राजेंद्र अवस्थी ने बताया कि मगरोन मंडल के प्रभारी व शिक्षक राजेश त्रिपाठी हमेशा बागेश्वर धाम के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहे हैं। बिगत दिनों वे बैंक से 4 लाख लेकर अपने गांव सुनवानी जा रहे थे। तभी पूर्व से रेकी कर रहे बदमाशों ने सुरक्षित स्थान जानकर रास्ते में न केवल उन्हें रोका बल्कि सड़क से दूर ले जाकर उनके साथ जमकर मारपीट की और रुपये छीन लिए। मरणासन्न हालत में श्री त्रिपाठी को छोड़ दिया गया। जब श्री त्रिपाठी ने अपने छोटे भाई को फोन लगाकर बताया कि उनके साथ यह घटना घटी है तभी बदमाशों ने उन पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। इस घटना में श्री त्रिपाठी की मौत हो। बागेश्वर धाम शिष्य मंडल छतरपुर के सदस्य मोटे के महावीर मंदिर प्रांगण में इकट्ठे हुए जहां 2 मिनट का मन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई, इसके बाद सभी सदस्य पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और यहां मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडिशनल एसपी विदिता डागर को सोपा। ज्ञापन के दौरान बागेश्वर धाम जन सेवा समिति के सचिव राजेंद्र मिश्रा, सुंदर रैकवार, विनय प्रताप सिंह बीनु, मेजर साहब, आशीष खरे, देवेश दयाशंकर चतुर्वेदी, परशुराम द्विवेदी, सुखलाल रैकवार, मोतीलाल रैकवार, पप्पू शर्मा, कमल अवस्थी, ओमप्रकाश तिवारी, राहुल पटेल, सत्येंद्र मिश्रा, दिनेश मिश्रा, डॉ ऋषि त्रिपाठी, डालडे मातेले, कमलेश विश्वकर्मा, अनिरुद्ध असाटी, सानू गुप्ता, कान्हा गांधी, कार्तिक तिवारी, वैभव तिवारी, रामचरण रैकवार, रामसनेही अहिरवार, अनमोल नामदेव, रविंद्र सिंह, पीटी नागेश्वर, शैलेंद्र तिवारी मिंटू, कृष्णा असाटी,आनंद तिवारी सहित बड़ी संख्या में मंडल के सदस्य उपस्थित रहे।

# कुकर ब्लास्ट होने से टिफिन सेंटर संचालक महिला घायल

छतरपुर।



शहर के नारायणपुरा रोड निवासी एक 50 वर्षीय महिला सोमवार सुबह खाना बनाते समय कुकर फटने से बुरी तरह जख्मी हो गई। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि घटना सुबह 7 बजे की है, जब नीतू पत्नी कृष्णकांत चौरसिया, अपने टिफिन सेंटर के लिए दाल पका रही थी। इसी दौरान अचानक कुकर में ब्लास्ट हो गया और नीतू के पूरे शरीर में जलने के गहरे घाव हो गए। नीतू की देवरानी चंदा चौरसिया ने बताया कि नीतू को तत्काल जिला अस्पताल लाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

### कुड़ीला गांव में भी ब्लास्ट हुआ कुकर



वहीं दूसरी ओर टीकमगढ़ जिले के कुड़ीला निवासी एक अन्य महिला भी सोमवार की सुबह खाना बनाते समय कुकर फटने से गंभीर रूप से जख्मी हुई है। घटना के बाद महिला को छतरपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। महिला की सास बेटीबाई ने बताया कि उनकी बहू गुलाब बाई सुबह घर में चूल्हे पर खाना पका रही थी। इसी दौरान कुकर में अचानक विस्फोट हो गया, जिससे गुलाब बाई बुरी तरह जल गईं। परिजनों ने तुरंत उन्हें छतरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया।

## टेलीकॉम कंपनी के गड्ढों से हादसों का खतरा



छतरपुर

शहर के सटई रोड और सिनिट्स कॉलोनी के समीप टेलीकॉम कंपनी द्वारा लाइन डालने के लिए खोदे गए गड्ढे 20 दिन बाद भी नहीं भरे गए हैं, जिससे हादसों का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोग और राहगीर इन खुले गड्ढों से परेशान हैं और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, एक टेलीकॉम कंपनी ने लगभग 20 दिन पहले इन क्षेत्रों में लाइन डालने के लिए सड़कों पर गड्ढे खोदे थे। कार्य पूरा होने के बाद गड्ढों को नहीं भरा गया, जिससे सड़क पर चलने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों के लिए खतरा बढ़ गया है। सिनिट्स कॉलोनी के पास गड्ढों के कारण कई बार दोपहिया वाहन फिसल चुके हैं, और छोटे-मोटे हादसे हो रहे हैं। पन्ना नाका पर भी व्यस्त सड़क पर गड्ढों ने आवागमन को मुश्किल कर दिया है। स्थानीय निवासी जाफिर अली ने बताया कि गड्ढों के कारण वाहन चलाना जोखिम भरा हो गया है। यहां कोई कोई चेतावनी चिह्न या बैरिकेड भी नहीं लगाए गए हैं।

# उचित मुआवजे की मांग को लेकर कलेक्टर के पास पहुंचे ऊजरा के ग्रामीण



छतरपुर

महाराजपुर तहसील के ग्राम ऊजरा के ग्रामीणों ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अपनी जमीनों और मकानों के लिए उचित मुआवजे की मांग को लेकर आवेदन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी उपजाऊ जमीनें और मकान राष्ट्रीय राजमार्ग के फोरलेन निर्माण में अधिग्रहित किए जा रहे हैं, लेकिन बदले में उन्हें उचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा। ग्रामीणों ने बताया कि फोरलेन निर्माण के लिए उनकी खेती योग्य जमीनों का बड़ा हिस्सा अधिग्रहित किया जा रहा है, जो उनकी आजीविका का मुख्य स्रोत है। इसके अलावा, कई परिवारों के पुश्तैनी मकान भी तोड़े जा रहे हैं, जिससे उनके सामने आवास और रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि मुआवजे की राशि तय करने में पारदर्शिता नहीं हैं, साथ ही उनकी आपत्तियों को भी नजरअंदाज किया जा रहा है। कुछ दिन पहले ग्रामीणों ने गांव में भी सड़क जाम कर प्रदर्शन किया था, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। कलेक्टर कार्यालय में आवेदन देकर ग्रामीणों ने उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।



## झांसी-खजुराहो फोरलेन पर तेज रफ्तार कार बस से टकराई, दो लोग घायल

**बमीठा।** झांसी-खजुराहो फोरलेन पर बसारी के पास सोमवार दोपहर 3 बजे एक तेज रफ्तार मारुति-800 कार, यात्री में पीछे से टकरा गई। हादसे में कार सवार दो लोग घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक यात्री बस क्रमांक बस एमपी 09 एफए 4241 छतरपुर से पन्ना की ओर जा रही थी। उसी बस के पीछे मारुति-800 कार क्रमांक डीएल 2सी 9780 ने तेज रफ्तार से चल रही थी, जो बस के रुकने के बाद पीछे से टकरा गई। हादसे में कार सवार दो लोग घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार बस रुकने के बाद कार की तेज रफ्तार के कारण चालक नियंत्रण नहीं रख सका और बस में जा घुसी। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों को तत्काल 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। बमीठा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी और दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया।

## जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भारी भीड़

### मौसमी बीमारियों का शिकार हो रहे लोग, डॉक्टर ने दी सलाह



**छतरपुर।** बढ़ते तापमान और मौसम में बदलाव के कारण छतरपुर जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। रोजाना सैकड़ों मरीज सर्दी, जुकाम, बुखार, उल्टी, दस्त और डायरिया जैसी मौसमी बीमारियों की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। खासकर बच्चे और बुजुर्ग इन बीमारियों की चपेट में ज्यादा आ रहे हैं।

जिला अस्पताल के डॉ. शरद मिश्रा ने बताया कि तापमान में उतार-चढ़ाव और तेज धूप के कारण वायरल और वैक्टीरियल संक्रमण तेजी से फैल रहे हैं। गर्मी के मौसम में लू का खतरा भी बढ़ गया है, जिसके लक्षणों में सिरदर्द, तेज बुखार, उल्टी, चक्कर आना और कमजोरी शामिल हैं। इसके अलावा, बाहर का दूषित खाना और पानी डायरिया और पेट के संक्रमण का बड़ा कारण बन रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले एक सप्ताह में ओपीडी में डायरिया और वायरल बुखार के मरीजों की संख्या 30-40 फीसदी तक बढ़ी है।

# जिला न्यायालय में बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापना के लिए अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

**छतरपुर।** जिला न्यायालय में भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की मांग को लेकर सोमवार को अधिवक्ताओं ने जिला जज (डीजे) को आवेदन सौंपा। अंबेडकर का चित्र हाथ में लेकर पहुंचे अधिवक्ताओं ने इस मांग को ऐतिहासिक और संवैधानिक सम्मान से जोड़ा है। एडवोकेट शकुंतला अहिरवार ने बताया कि देश के प्रथम कानून मंत्री डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा स्थापना के लिए डीजे को आवेदन देने आए थे, लेकिन उनकी अनुपस्थिति के कारण आश्वासन मिला कि उनके आने पर विषय से अवगत कराया जाएगा। अधिवक्ता रवि पांडे ने कहा कि डॉ. अंबेडकर द्वारा दिए गए समानता के अधिकारों का आज जात-पात की राजनीति के जरिए उल्लंघन हो रहा है। उन्होंने मांग की कि जिला न्यायालय में मंदिर के साथ-साथ अंबेडकर की प्रतिमा भी स्थापित हो। चूंकि न्यायालय भवन उच्च न्यायालय के अधीन है, इसलिए इसकी अनुमति मांगी गई है। अनुमति मिलते ही अधिवक्ता प्रतिमा स्थापित करवाएंगे।



# गृहणियों को प्राथमिक उपचार में पारंगत कर रही एनसीएल

### अभी तक 2773 महिलाओं को मिला प्रशिक्षण



**सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) द्वारा गृहणियों को प्राथमिक उपचारकर्ता बनाने के उद्देश्य से प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। एनसीएल द्वारा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत अभी तक 86 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से एनसीएल परिवार की 2773 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को सीपीआर (हृदय पुनर्जीवन), सड़क दुर्घटनाओं में प्राथमिक चिकित्सा, सांप के काटने पर उपचार, जलने और चोटों का उपचार, रक्तचाप और मानव शरीर को प्रभावित करने वाली विभिन्न बीमारियों के बारे में गहन जानकारी दी जा रही है।

एनसीएल की सभी परियोजनाओं एवं इकाइयों में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का चरणबद्ध तरीके से आयोजन किया जा रहा है।

ग़ौरतलब है कि, एनसीएल द्वारा विगत 27 जनवरी को गृहणियों को प्राथमिक उपचारकर्ता बनाने हेतु प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गयी थी ।

# एनसीएल की अमलोरी परियोजना में सीएमपीएफ समन्वय बैठक एवं पेंशन अदालत का हुआ आयोजन



**सिंगरौली** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की अमलोरी परियोजना में गत शनिवार को सीएमपीएफ समन्वय बैठक एवं पेंशन अदालत का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक (अमलोरी), श्री आलोक कुमार, क्षेत्रीय आयुक्त, सीएमपीएफ, श्री विनोद कुमार सिंह, सहायक आयुक्त, सीएमपीएफ, श्री नवीन निश्चल, परियोजना स्तरीय जेसीसी सदस्य सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समन्वय बैठक एवं पेंशन अदालत का आयोजन एनसीएल के पूर्व एवं वर्तमान कर्मियों की सीएमपीएफ एवं पेंशन से संबंधित समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी शिकायतकर्ताओं ने सीएमपीएफ एवं पेंशन भुगतान संबंधी समस्याएँ सामने रखीं तथा परियोजना से सीएमपीएफ टीम द्वारा कई समस्याओं का निराकरण किया गया । इसके अतिरिक्त अन्य समस्याओं के शीघ्र निवारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए।

गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा समय-समय पर पेंशनभोगियों की शिकायतों के त्वरित निपटान एवं कर्मी कल्याण हेतु ऐसे अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है।

## शासकीय स्कूल के बच्चे सीख रहे मोटर बाइंडिंग व सिलाई की कला



**ईशानगर।** विकासखंड की ग्राम पंचायत गहरवार स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 10वीं व 12वीं के छात्र-छात्राओं को मोटर बाइंडिंग व सिलाई मशीन कोर्स के तहत 30 दिवसीय ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग प्रदान की जा रही है। यह प्रशिक्षण हिन्दुस्तान इलेक्ट्रॉनिक मोटर बाइंडिंग एंड घरेलू उपकरण, ईशानगर में आयोजित हो रहा है। प्रशिक्षण में शिक्षिका अंजू माली छात्राओं को सिलाई मशीन के सुधार और संचालन की बारीकियां सिखा रही हैं। वहीं, शिक्षक नितेश प्रजापति छात्रों को मोटर बाइंडिंग, इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड, प्रेस और कूलर की मरम्मत का प्रशिक्षण दे रहे हैं। नितेश ने बताया कि 25 छात्र-छात्राएं, जिनमें जयदीप यादव, भूपेंद्र अनुरागी, कृष्णप्रताप बुंदेला, हर्ष सोनी, भारती आदिवासी, उर्मिला अहिरवार, कुमकुम रजक, अंजली यादव, पूर्ति अहिरवार, अनोखी अहिरवार, अंशिका अहिरवार, गुड़िया रजक, दिया कुशवाहा, वर्षा आदिवासी, रागनी सेन और नीलम यादव शामिल हैं, इस प्रशिक्षण में भाग ले रही हैं। उक्त प्रशिक्षण छात्र-छात्राओं के कौशल विकास और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रशिक्षण से न केवल तकनीकी दक्षता बढ़ेगी, बल्कि भविष्य में रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।

# सृजन यूथ कनेक्टिविटी कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को आत्मरक्षा के साथ-साथ ट्रैफिक नियमों की दी गई जानकारी

### यातायात पुलिस टीम ने ट्रैफिक नियमों, संकेतों और सड़क सुरक्षा पर दिखाई शॉर्ट फिल्म

सिंगरौली

जिले में पुलिस विभाग एवं अमृता सेवा संस्थान समिति के संयुक्त तत्वावधान में संचालित "सृजन यूथ कनेक्टिविटी कार्यक्रम" के अंतर्गत आज दिनांक 19 मई 2025 को किशोरों को यातायात सुरक्षा और आत्मरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के अंतर्गत थाना यातायात पुलिस टीम द्वारा बच्चों को यातायात नियमों, सड़क संकेतों, सुरक्षित सड़क उपयोग के व्यवहार और दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों के बारे में सरल एवं प्रभावशाली ढंग से बताया गया। बच्चों को बताया गया कि किस प्रकार सड़क पर चलने, वाहन चलाने और सवारी करते समय सुरक्षा नियमों का पालन कर वे स्वयं को और दूसरों को सुरक्षित रख सकते हैं।

### शॉर्ट फिल्म के माध्यम से व्यवहारिक जागरूकता

इस अवसर पर एक शॉर्ट फिल्म भी प्रदर्शित की गई, जिसमें सड़क दुर्घटनाओं के कारणों और उनसे होने वाली क्षति को दर्शाया गया। फिल्म ने बच्चों को यह सिखाया कि लापरवाही से नहीं, बल्कि सतर्कता और नियमों के पालन से जीवन सुरक्षित रहता है। बच्चों ने बड़ी उत्सुकता से फिल्म देखी और कई सवाल भी पूछे जिनका जवाब ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों ने दिया।

### आत्मरक्षा प्रशिक्षण भी जारी

इसी क्रम में श्री गणेश सिंह मीणा और उनकी टीम द्वारा मार्शल आर्ट प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने आत्मरक्षा के गुर सीखे। इस सत्र का उद्देश्य किशोरों को आत्मविश्वासी बनाना और उन्हें आपातकालीन स्थितियों में अपनी सुरक्षा स्वयं करने में सक्षम बनाना रहा।

